# अमृतसर जिले में ई.एस.आई.सी. खोलेगी 4 नई डिस्पैंसरियां

अमृतसर, 7 मार्च (नीरज): इंप्लाइज स्टेट इंश्योरैंस कार्पोरेशन (ई.एस.आई.सी.) व टैक्सटाइल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन (टीएमऐ) की तरफ से टी.एम.ए हाल में एक जागरुकता सैमीनार करवाया गया, जिसमें ई.एस.आई.सी. का लाभ लेने वाले कर्मचारियों को दरपेश आ रही समस्याओं को निपटारा किया गया और ई.एस.आई.सी. की तरफ से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया गया।

सैमीनार में ई.एस.आई.सी. जालंधर दफ्तर के डायरैक्टर राकेश कुमार व अमृतसर ब्रांच मैनेजर जी.एस रंधावा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

अधिकारियों ने बताया कि विभाग की तरफ से आने वाले दिनों में अमृतसर जिले में चार नई डिस्पैंसरियां खोली जा रही हैं जिससे कर्मचारियों को काफी लाभ मिलेगा इसके अलावा राज्य सरकार की तरफ से खोले गए मोहल्ला क्लीनिकों में मिलने वाली सुविधाओं संबंधी भी सरकार के साथ बातचीत की जा रही है।

इस अवसर पर टैक्सटाइल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के ऑनरेरी महासचिव राजीव खन्ना, डा.राकेश भगत, विनोद लूथरा, संजीव कुमार, असीम चावला आदि उपस्थित रहे।



*सैमीनार दौरान मंच पर उपस्थित डायरैक्टर राकेश कुमार, टी.एम.ए. के महासचिव राजीव खन्ना व अन्य।* (छ.ह.)